तापमान
29.8° अधिकतम | 13.4° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | मंगलवार, 20 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 303 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




गर्मी शुरू होते ही शहर के 53 वार्डों में से 25 वार्ड में खड़ा हो जाता है जल संकट

## समय रहते आपदा से निपटने के लिए नगर निगम ड्राई जोन का करवा रहा सर्वे

तरुण कुमार चौबे। रांची

राजधानी रांची के कई इलाके गर्मी आते ही ड्राई जोन बन जाते हैं. गर्मी के दिनों में इन इलाको में नगर निगम नियमित रूप से टैंकर समेत विभिन्न संसाधनों का इस्तेमाल करके पानी मुहैया करवाता है. पिछले साल गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत को देखते हुए नगर निगम इस वर्ष पानी का अस्तर जांच ने के लिए सर्वे करवा रहा हैं. इस साल शुरू हुए सर्वे में पहले से घोषित ड्राई जोन के अलावा नए ड्राई जोन का पता लगाने वाली है. सोमवार को नगर निगम के जेई गोंदा और बूटी में पीएचईडी विभाग की पानी टंकी का भ्रमण करने गए थे. भ्रमण का मकसद पानी की मांग बढ़ने पर निगम के टैंकर आसानी से कहां- कहां से जल प्राप्त कर सकते हैं.

- राजधानी के 11 वार्ड पहले से ही हैं ड्राई जोन घोषित
- सर्वे में निगम के 4 जेई 3 एई समेत अन्य कर्मी शामिल



### गर्मी आते ही राजधानी के 53 में से 25 वार्ड सूख जाते हैं

उल्लेखनीय है कि गर्मी शुरू होते ही रांची के 53 वार्डों में से 25 वार्ड में जल संकट खड़ा हो जाता हैं. इसमें करीब 11 वार्ड हैं जो पहले से ड्राई जोन घोषित हैं. ड्राई जोन वाले इलाकों में जुडको ने बहुत पहले ही पाइपलाइन बिछा दी, लेकिन अभी तक जलापूर्ति शुरू नहीं हुई है. वार्ड 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 34, 35, 37, 38, 39 और 40 के निचले क्षेत्रों में गर्मी में पानी के सभी जलस्रोत सूख जाते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है. इन 25 में से 11 वार्ड ड्राई जोन में हैं, जहां भू जलस्रोत काफी नीचे चला गया है. ऐसे क्षेत्रों में जुडको ने दो साल पहले ही पाइप बिछायी है. लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है.

### राज्य में तेजी से गिर रहा जलस्तर

पानी की किल्लत से रांची ही नहीं पूरा राज्य जूझ रहा. शहरीकरण से भूजल दोहन बढ़ा है. राज्य में भूजल की निकासी 3.65% तक बढ़ गयी है. वर्ष 2017 में राज्य की भूजल की निकासी 27.73% थी, जो 2023 में बढ़ कर 31.38% हो गया है. इस साल जनवरी में सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के द्वारा एक सर्वे रिपोर्ट जारी कि गई थी. इस सर्वे रिपोर्ट में पत्ता चला कि हर साल भूजल का दोहन बढ़ रहा है.

### हर साल 1444.8 मिमी बारिश का औसत

झारखंड में औसतन हर साल 1444.8 मिमी बारिश होती है. जो दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी कम है. झारखंड की ज्यादातर नदियां बरिश के जल पर निर्भर हैं. राज्य की 5 से 6 ही नदियां ऐसी हैं जिनमें सालों भर पानी उपलब्ध होता है. भूगर्भीय संरचना पथरीली होने के कारण इनमें पानी की उपलब्धता मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कम होती है.

### टीम कर रही जांच: नगर प्रशासक

निगम के प्रशासक अमित कुमार ने बताया कि पिछले हफ्ते मीटिंग कर हमने जल बोर्ड को सर्वे का निर्देश दिया था. इसमें पिछले साल बोरिंग किए गए चापाकल और एचवाईडीटी कि जांच होगी. जहां ये जलस्रोत सूख गये हैं. वहां पर हम अतिरिक्त पानी कि सप्लाई शुरू करेंगे. यह सर्वे पूरे शहर में किया जाएगा, ताकि लोगों को पानी कि किल्लत से बचाया जा सके.

### सर्वे के लिए टीम गठित

नगर निगम ने ड्राई जोन के सर्वे करने के लिए चार जेई व तीन एई संग कई कर्मियों की टीम बनाई हैं. जो सभी वार्ड में घूम कर सर्वे कार्य करेंगे. हर वार्ड में सोमवार से निगम ने सर्वे शुरू किया हैं. जानकारी देते हुए वाटर बोर्ड के कर्मियों ने बताया कि इस सर्वे में निगम की वाटर बोर्ड शाखा के चार कनीय अभियंता, तीन सहायक अभियंता समेत अन्य कर्मी शामिल होंगे. प्राथमिकता के आधार पर पहले ड्राई जोन वाले क्षेत्र का सर्वे होगा. इसके बाद अन्य सभी वार्डों का सर्वे किया जाएगा. सर्वे के आधार पर तैयार रिपोर्ट को वाटर बोर्ड को सौंपा जाएगा. रिपोर्ट के आधार में नगर निगम मार्च के पहले हफ्ते से पानी देने की तैयारी शुरू करेगा. वर्तमान में 311 मिलियन लीटर नल से जल की सप्लाई प्रतिदिन की जा रही हैं. रुक्का जलशोधन केंद्र से शहरी क्षेत्र के लिए 28 एमजीडी पानी की आपूर्ति की जा रही हैं. साथ ही एलएंडटी न्यू प्लांट से डोरंडा लाइन को सात एमजीडी पानी की सप्लाई पाइपलाइन के द्वारा की जा रही है.

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने का दावा करने वालों ने कांग्रेसयुक्त भाजपा बनाई, 740 सांसद-विधायक विपक्षी दलों के

## ईसी केवल इलेक्शन की तिथि तय करेगा, चुनाव तो ईडी कराएगा

कौशल आनंद। रांची

झामुमो ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला किया है. पार्टी ने भाजपा के अधिवेशन में मोदी जी के इस बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें 2024 में बिना चुनाव लड़े और चुनाव जीते ही विदेशों से आमंत्रण मिल रहा है. यह बहुत ही हास्यापद स्थिति है और लोकतंत्र का मखौल उड़ना है. मोदी के इस दावे के पीछे का सच्चाई कुछ और ही है. इलेक्शन कमीशन तो केवल चुनाव की तिथि घोषित करेगी, मगर चुनाव तो असल में (ईडी) इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट कराएगा. जिसकी पटकथा पिछले दो सालों से लिखी जा रही है. झारखंड सहित कई राज्य इसके उदाहरण हैं. जो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते रही दरसअल वह कांग्रेस युक्त भाजपा बन कर रही गयी. देश में 740 सांसद-विधायक ऐसे हैं जो कांग्रेस अन्य क्षेत्रीय दलों से गए. उन्होंने कहा कि मोदी जी को भले ही बिना चुनाव लड़े विदशों से आमंत्रण मिल रहा हो, मगर हमारे हेमंत जी को पूरे देश के आदिवासी, युवा, पिछड़े, अल्पसंख्यक बुला रहे हैं. बहुत जल्द हेमंत जी भी पूरे देश में जाएंगे. उक्त बातें पार्टी प्रधान महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.



**खास बातें**

- सरकार अडाणी-अंबानी से मांगती है इनोवेटिव एग्रीकल्चर का सुझाव
- अब बिना इलेक्शन के खुद को पीएम घोषित कर नयी पारिभाषा गढ़ रहे मोदी

### वास्तव में मोदी जी के आने के बाद देश में बहुत कुछ बदल गया

10 साल में मोदी जी ने कई चीजों की परिभाषा बदल डाली. 2014 में मोदी जी ने कहा हमारे आने के बाद देश बदल जाएगा. लेकिन देश को नफरत का बाजार बना डाला. विपक्ष मतलब भ्रष्टाचारी और जो भाजपा में है सदाचारी. जो हां में हां मिलाए राष्ट्रवादी. जो शासन का विरोध करे वह देशद्रोही. जो भाजपा के साथ चल जाए और डिप्टी सीएम, मंत्री और जो उनके साथ न जाए उसकी जगह जेल.

### अब किसान धान-गेहूं नहीं अडाणी-अंबानी के लिए कपास-दाल उगाएंगे

भट्टाचार्य ने कहा कि देश में दूसरा किसान आंदोलन शुरू हो चुका है. किसानों को नजरबंद कर दिया गया है. किसान सरकार से एमएसपी मांगते हैं तो सरकार उन्हें इनोवेशन एग्रीकल्चर का प्रस्ताव देते हैं. यान कि कसान धान, मक्का और गेहूं का खेती नहीं अडाणी और अंबानी के लिए दाल और कपास की खेती करें. यानी जनता कपास खाए और दाल पीए. अजीब स्थिति इस देश में पैदा की जा रही है.

### खरगे की मिली हरी झंडी, बैजनाथ राम जल्द ले सकते हैं मंत्री पद की शपथ

**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड में 12वें मंत्री पद पर झामुमो के दावे को स्वीकार कर लिया है. अब झामुमो 12वें मंत्री पद पर विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाएगा. जो पेंच था सुलझा लिया गया है. इस लिए सीएम चंपाई सोरेन जल्द ही अपने दूसरे मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए अंतिम क्षण में शपथ लेने से चूक गए दलित विधायक बैद्यनाथ राम को शपथ दिलाएंगे.
**ये था पेंच, ऐसे सुलझा :** 2019 में गठित हेमंत सोरेन सरकार के समय से ही झामुमो और कांग्रेस में पेंच के चलते 12 वां मंत्रीपद रिक्त पड़ा था. मगर हेमंत के इस्तीफे के बाद गठित नयी चंपाई सरकार 12वें मंत्री के तौर पर राजभवन में बैद्यनाथ राम का नाम भेज चुकी थी. मगर ऐन वक्त पर कांग्रेस के दबाव में बैद्यनाथ राम को बीच रास्ते से वापस कर दिया गया. इसके बाद बैद्यनाथ राम उखड़ गए. पार्टी छोड़ने तक की चेतावनी दे डाली. मगर सीएम ने उनसे बात की. उनसे दो-तीन दिन का समय मांगा. इसके बाद चंपाई दिल्ली गए और खरगे से बात की. जिसमें यह पेंच सुलझा लिया गया. कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपना दावा छोड़ दिया.



जेएसएससी की अर्थी निकाली, मुंडाए बाल

## जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थियों ने निकाली जेएसएससी की शवयात्रा

संवाददाता। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थियों परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर 16 फरवरी से अनशन पर बैठे हैं. अनशन के चौथे दिन अभ्यर्थी जेएसएससी की अर्थी निकाल कर अपना विरोध जताया. इतना ही नहीं अभ्यर्थियों ने अपना सिर भी मुंड़वाया.

अनशन पर बैठे छात्रों का कहना है कि हमारी क्या गलती है. हम तो तैयारी करके परीक्षा देते हैं. कहा कि एक बार प्रश्न पत्र लीक होने के कारण और दूसरी बार स्थानीय नीति की वजह से परीक्षा रद्द कर दी गयी. इस बार ठीक से परीक्षा हुई. लेकिन जेएसएससी इसे गंभीरता से नहीं ले रही है. आयोग हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. अभ्यर्थियों ने जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की है.

### चार माह बीते, लेकिन अब तक जारी नहीं हुआ परिणाम

दरअसल जेएसएससी ने चार माह पहले जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी. लेकिन आयोग ने अभी तक परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया है. छात्रों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की. लेकिन अभ्यर्थियों को हर बार सिर्फ आश्वासन दिया गया. इससे पहले भी जेएसएससी ने दो बार जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी. और अलग-अलग कर्म से रद्द हो गया एक बार तो ठीक हो गया. अपनी मांगों को लेकर जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी के 16 फरवरी से आंसर पर बैठे हुए हैं आंसर के चौथे दिन जेएसएससी का अर्थी सजा कर अपना विरोध जाता रहे हैं.



## रवि मिश्रा गोलीकांड में शामिल अपराधी को पुलिस ने दबोचा, जल्द सुलझेगी गुत्थी

संवाददाता। रांची

शहर के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के संस्कृत कॉलेज के पास बीते 11 फरवरी की रात अपराधियों ने रविशंकर मिश्रा नाम के युवक को गोली मारी थी. रांची पुलिस ने इस गोलीकांड में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है. एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. घटना के पीछे आपसी विवाद का मामला सामने आ रहा है. रांची पुलिस जल्द प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा करेगी.
**देर रात घर लौटने के दौरान अपराधियों ने मारी गोली :** दरअसल 11 फरवरी की रात रवि मिश्रा किसी से मिलकर घर लौट रहे थे. इसी दौरान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्टा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गये. युवक को किडनी के ऊपर गोली लगी थी. गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये और मामले की जानकारी सुखदेव नगर पुलिस को दी. सूचना पाकर सुखदेव नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तुरंत घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी.



### चुटिया में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के शारदा कॉलोनी स्थित पॉवर हाउस रोड में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. युवक की पहचान सुमित कुमार दास के रूप में हुई है. घटना की सूचना पाकर चुटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है. युवक के आत्महत्या के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. हालांकि पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है.

कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहेगा फोकस, बजट का आकार भी बढ़ेगा

## चुनावी बजट पेश करेगी नयी चंपाई सरकार

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य में गठित नयी चंपाई सोरेन सरकार अपना पहला और अंतिम बजट 2024-25 झारखंड विधानसभा में 27 फरवरी को पेश करेगी. यह बजट पूरी तरह से चुनावी बजट रहने की संभावना है. वैसे तो बजट का प्रारूप पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन सरकार में तैयार कर लिया गया. मामूली संसोधन के बाद बजट का प्रारूप पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति इसको मिल चुकी है. बजट की तैयारी गत दिसंबर से शुरू हो चुकी थी. मिली जानकारी के अनुसार इस बार के बजट में कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहेगा. स्वरोजार को भी फोकस किया जाएगा. चूंकि नंवबर में विधानसभा चुनाव का एलान हो जाएगा. इसलिए सरकार के पास यही बजट अंतिम विकल्प है, ताकि लोकसभा चुनाव में भी इसका फायदा उठाया जा सके.



**बजट आकार 10 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना :** वित्तीय वर्ष 2023-24 में हेमंत सोरेन सरकार ने 1.16 लाख करोड़ का बजट पेश किया था. इस बार बजट के आकार में 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है. जिसमें कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य विशेष रूप से फोकस होगा.

### किसानों के लिए होंगी अहम घोषणाएं

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव विस सत्र में 2024-25 बजट पेश करेंगे. इसमें कृषि-किसानों के लिए अहम घोषणाएं हो हैं, सरकार दो लाख तक लोन लेनेवाले वाले 4 लाख किसानों को राहत दे सकती है. अभी सरकार 50 हजार तक कृषि लोन माफ कर रही है. इसके लिए बैंको से बात की जा रही है. बैंको की जो राशि खर्च होगी, उसे सरकार देगी. ऐसा करने से 50 हजार लोन लेनेवाले खातेधारी को भी लाभ मिलेगा.

### स्वरोजगार का बढ़ावा देने का होगा प्रयास

सरकार स्वरोजगार के लिए कई अहम घोषणाएं कर सकती है, जिसमें प्रमुख पर्यटक स्थलों को पीपीपी मोड पर देकर उसमें स्थानीय को रोजगार देने की घोषणा कर सकती है. इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का बजट राशि भी बढ़ा सकती है ताकि युवा-युवतियां अधिक से इसमें शामिल होकर स्वरोजगार खड़ा कर सकें.

### 2023-24 की बजट की प्रमुख बातें

2023-24 के लिए झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 4,23,289 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जिसमें 2022-23 के मुकाबले 11.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है.
**2023-24 में व्यय 1,10,093 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2022-23 के संशोधित अनुमानों से 19 प्रतिशत अधिक है. इसके अलावा राज्य द्वारा 6,325 करोड़ रुपए का कर्ज चुकाने का दावा किया गया.**
2023-24 के लिए प्राप्तियां (उधारियों को छोड़कर) 98,418 करोड़ रुपये होने का अनुमान है. 2022-23 के संशोधित अनुमान की तुलना में इसमें 18 प्रतिशत की वृद्धि है. 2022-23 में प्राप्तियों (उधार को छोड़कर) में 389 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि का अनुमान है.
**2023-24 में राजस्व अधिशेष जीएसडीपी का 3.2 प्रतिशत (13,661 करोड़ रुपये) होने का अनुमान है, जो 2022-23 के संशोधित अनुमान (जीएसडीपी का 2.5 प्रतिशत) से अधिक है.**

**दुर्दशा** शहर के विश्वकर्मा मंदिर लेन में छह माह से नहीं हुई नाले की सफाई, लोग परेशान

## मंदिर, मदरसे के पास भी निगम की सफाई नाकाफी

रेहान अहमद। रांची

मेन रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिन मार्ग में श्री जगत गुरु विश्वकर्मा मंदिर है. उसी जगह माकपा का कार्यालय है, उसके कुछ आगे मदरसा इस्लामिया और अंजुमन इसलामिया का मुसाफिर खाना व स्टडी सेंटर है. उसके बाद भी क्षेत्र की सफाई के प्रति नगर निगम का कोई ध्यान नहीं है. लोगों ने कहा कि सप्ताह में 2 दिन ही निगम से लोग कचरे का उठाव करने के लिए आते हैं, आधी अधूरी सफाई कर चले जाते हैं. परेशानी पूरी तरह से बनी हुई है. लोगों ने कहा कि नाले की सफाई 6 माह से अधिक समय हो गया है, लेकिन ठीक से नहीं की गई है. इस कारण नाले गंदगी से अटे पड़े हैं. इसकी सफाई कराना बेहद जरूरी है.



### नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई : सलाम



मो सलाम ने कहा कि नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है, इस कारण गंदगी भरी हुई है. नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. ताकि क्षेत्र के लोगों को गंदगी व द्रुगंध से राहत मिल सके.

### मेन के करीब फिर भी सफाई का ध्यान नहीं : फिरोज



मो फिरोज ने कहा कि यह क्षेत्र महात्मा गांधी रोड (एमजी रोड) के करीब है. लेकिन उसके बावजूद नगर निगम का सफाई के प्रति ध्यान नहीं है. नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### पूरे इलाके में सफाई की परेशानी है : जावेद



मो जावेद ने कहा कि इस क्षेत्र में सफाई की परेशानी है. यहां मदरसा है, पास में मंदिर है, स्टडी सेंटर है. बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं. कम से कम नगर निगम को इस का ख्याल करते हुए क्षेत्र की बेहतर सफाई के प्रति ध्यान देने की जरूरत है.

### निगम को बेहतर सफाई करने की जरूरत : वीरेंद्र



वीरेंद्र कुमार ने कहा कि छह माह से नाले की सफाई नहीं हुई है. निगम कर्मी आते भी हैं, तो अधूरी सफाई कर चले जाते हैं, इससे परेशानी बनी हुई है, स्लैब उठा कर सफाई कराने की जरूरत है. पास में मंदिर है, मदरसा है, स्टडी सेंटर है. इसका तो ख्याल कर निगम को ध्यान देना चाहिए.

### रामगढ़ में कोयला तस्करों का दुस्साहस

**रांची/रामगढ़।** कोयला तस्करी रोकने गये हजारीबाग रेंज के डीआईजी की क्यूआरटी टीम पर कोयला तस्करों ने हमला किया है. घटना रविवार देर रात की बतायी जा रही है. डीआईजी को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ जिले के घाटो थाना क्षेत्र में कोयला तस्कर अवैध कोयला की तस्करी कर रहे हैं. इसके बाद कार्रवाई करने के लिए डीआईजी ने अपनी टीम को भेजा. इसी दौरान 50 से 60 की संख्या में कोयला तस्करों ने डीआईजी की क्यूआरटी टीम पर हमला कर दिया. इस मामले में कोयला तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है और आगे की कार्रवाई जारी है. वहीं इस संबंध में हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि किसी भी कीमत पर कोयला का अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.

- हजारीबाग डीआईजी की क्यूआरटी टीम पर हमला, केस दर्ज

## रिम्स का सर्वर खराब-मरीज नहीं कटा पाए पर्ची, रहे परेशान

संवाददाता। रांची

- रिम्स में पूरे दिन सर्वर रहा डाउन, नहीं कटी पर्ची, बिना इलाज लौटे मरीज

रिम्स अस्पताल में कुव्यवस्था की खबरें अक्सर आती रहती हैं. इसकी बानगी सोमवार को भी रिम्स के पर्ची काउंटर पर दिखी. दरअसल, सोमवार को पूरे दिन रिम्स का सर्वर डाउन रहा. इससे दिनभर मरीज परेशान रहे. घंटों लंबी कतारों में इंतजार के बाद भी पर्ची नहीं कटा पाए और बिना इलाज कराए ही चले गए.

बता दें कि रिम्स का सर्वर दिल्ली से ऑपरेट होता है. जबतक यह समस्या ठीक नहीं होती, तबतक मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ेगी. रिम्स पूरे राज्य का सबसा बड़ा अस्पताल है. यही नहीं पूरे दिन रिम्स में ऑनलाइन से जुड़े सारे काम ठप रहे, जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. रिम्स में राज्य ही पड़ोसी राज्यों से बहुत सारे मरीज हर दिन इलाज कराने पहुंचते हैं. दूर से आए लोगों को आए दिन इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है. पूरे दिन सर्वर डाउन रहने से अस्पताल में पर्ची के लिए काउंटरों पर लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं. सर्वर खराब होने के कारण रिम्स के पूरे विभाग में मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा. मरीजों को देखने वाले डॉक्टरों को भी भारी दिक्कत हुई.



## रिम्स ओपीडी

**विभाग** **डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ सीबी शर्मा
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- आर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार (पहली पाली), डॉ बिनोद कुमार सिन्हा(दूसरी पाली)
- नेत्रः डॉ राहुल कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- कार्डियोलॉजीः डॉ हेमंत नारायण
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा पंत

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ विनीता जे एक्का और डॉ तान्या प्रिया
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ अभिषेक
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- ऑनकोलॉजीः डॉ गुंजेश
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता,जिला स्कूल में दोपहर 2 बजे
2. हनुमान मंदिर कोकर में राम कथा संध्या 6 बजे
3. पहाड़ी मंदिर के पास बालाजी मंदिर में अनुष्ठान दिन के 19 बजे
4. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजना पर कार्यशाला, चैंबर भवन में दोपहर 2 बजे

## ब्रीफ खबरें

### झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक 22 को

**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक 22 फरवरी को रांची के कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास में होगी. बैठक का समय सुबह 11 बजे से होगी. बैठक की अध्यक्षता पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे. बैठक का एजेंडा वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति पर विचार-विमर्श, सांगठनिक स्थिति और सदस्यता अभियान पर विचार-विमर्श समेत अन्य हैं. इसके अतिरिक्त आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों को लेकर कांग्रेस से हुई चर्चा को पार्टी के समक्ष रखा जाएगा.

### अभ्यर्थियों का रिजल्ट जल्द प्रकाशित हो

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने सीएम के नाम पर सोमवार को ज्ञापन सौपा और कहा कि जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति से डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लगभग 1560 पदों पर जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में ही होना था.पहली बार यह परीक्षा पेपर लीक की वजह से रद्द हो गई थी और लगातार 3 बार अभ्यर्थी परीक्षा दे चुके हैं. अभी तक झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया गया है. छात्रहित को देखते हुए जल्द रिजल्ट प्रकाशित हो.

### 27 फरवरी को होगा विधानसभा घेराव

**रांची ।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 231वां दिन भी जारी रहा और राजभवन के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे और पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से मुलाकात कर वार्ता किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष चद्रदीप कुमार ने कहा कि 27 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक विधानसभा का सत्र चलेगा. इस दौरान विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा.

---

### नयी दिल्ली जाकर भी असंतुष्ट कांग्रेस विधायक मजबूरी में बैकफुट पर आने को विवश

# नाराज विधायकों को आलाकमान नहीं दे रहा भाव

**कौशल आनंद।रांची**

करीब 48 घंटे से दिल्ली में अपनी मांग को लेकर जमे नाराज कांग्रेसी विधायकों को आलाकमान भाव नहीं दे रहा है. इसके कारण विधायक अब बैकफुट पर आने को विवश हैं. एक विधायक ने दावा किया कि वे लोग कल 20 फरवरी को आलाकमान के साथ फूल एंड फाइनल बातचीत करके ही लौटेंगे. इस विधायक के बॉडी लैंग्वेज भी अब समझौते के मूड में दिख रहा है.

मालूम हो कि कांग्रेस के आठ विधायक पुराने मंत्रियों को रिपीट करने के विरोध में दिल्ली गए. यहां तक इन्होंने एलान किया है कि अगर मंत्री को नहीं बदला गया तो वे लोग बजट सत्र में सदन नहीं जाएंगे. दिल्ली पहुंचने के बाद अब तक केवल विधायकों की बात प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से बात हुई. सोमवार को पूरा दिन और देर शाम हो जाने के बाद अब तक आलाकमान का कोई भी अधिकृत नेता से विधायकों को मुलाकात नहीं हो पायी है. अब देखने वाली बात हो कि इन नाराज कांग्रेस विधायकों का अगला कदम क्या होगा. दिल्ली से अपने हाथ क्या लेकर आते हैं. इस पर सबकी नजर रहेगी. मिली जानकारी के अनुसार विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह दिल्ली पहुंच चुके हैं और विक्सल कोंगाड़ी का साथ होने का दावा करते हुए कुल 10 विधायकों का समर्थन प्राप्त का दावा किया जा रहा है.

**नाराज विधायक इरफान के बदले सुर, कहा-आलाकमान का निर्णय सर्वमान्य होगा**



दिल्ली में जमे कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी का सुर बदला-बदला नजर आया. शुभम संदेश से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है या आलकमान का कोई अधिकृत नेता बात नहीं करते हैं, वे लोग नहीं आएंगे. पूर्व के प्रभारी भी कह चुके थे इन मंत्रियों का परफॉरमेंस ठीक नहीं था. प्रदेश के नेता सही फीड बैक नेतृत्व तक नहीं पहुंचा जा सका. अपनी सरकार होते हुए भी न बीडीओ न सीओ कोई अफसर उनलोगों बात नहीं सुनता है. यह कमजोर मंत्रियों की रही. विधायकों के समर्थक जीने नहीं दे रहे हैं. आखिर किसलिए अपनी सरकार. ऐसा नहीं है कि केवल मंत्रियों को बदलना या मंत्री पद ही डिमांड है. कई मांगे हैं. आलाकमान का निर्णय तो अंतिम होगा मगर सरकार में कांग्रेस विधायकों और नेताओं का मान-सम्मान तो मिले. इसलिए वे लोग कल आलाकमान से बात करके ही वापस लौटेंगे.

---

### यंग इंडिया का जनमत संग्रह

# 28 फरवरी को दिल्ली में करेंगे चुनावी एजेंडा तय

**संवाददाता ।रांची**

पलामू के विभिन्न हिस्सों में यंग इंडिया के द्वारा जनमत संग्रह कराया गाया. जनमत संग्रह18-19 फरवरी को जिला के पांकी, सगलिम और डाल्टनगंज के मोहल्ला, कस्बों, कोचिंग संस्थानों और छात्रावास में रहने वाले छात्रों की राय ली गई. इसमें 30 लाख खाली सरकारी पदों पर जिनका मोदी सरकार के कार्यकाल में बहाली नहीं निकलने को लेकर था, जिसमें सभी युवाओं ने बताया की यह गलत हुआ है. दूसरा मत 10 हजार बेरोजगारी भत्ता की मांग को लेकर था, जिसको की सभी नौजवानों ने वाजिब मांग ठहराया. तीसरा मत 4 साल के लिया ठेके पर नौजवानों को सेना में भर्ती लेने के पर था, जिसे युवाओं ने सरासर गलत बताया. तमाम प्रगतिशील छात्र-युवा संगठनों एवं आंदोलनों का संयुक्त मंच यंग इंडिया द्वारा आगामी 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर 2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा और आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा-आरएसएस के नफरती एजेंडे के खिलाफ़ शिक्षा-रोजगार को केंद्रीय मुख्य मुद्दा बनाने का एक साझा करेगा. मौके पर आरवाई ए के प्रवीण रविदास, शंभू कुमार, सोनू कुमार और आइसा के राज्य उपाध्यक्ष रंजित सिंह चेरो व राज्य कमेटी सदस्य व जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह दांगी मौजूद थे.

---

### राज्यपाल ने दीदियों व संस्था के सदस्यों को सम्मानित किया

# संसाधनों से लोगों का जीवन बेहतर हो, करें प्रयासः राज्यपाल

**संवाददाता ।रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि झारखंड अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति एवं प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है. इन संसाधनों से लोगों का जीवन बेहतर बन सके, इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है. उन्होंने दीदियों एवं संस्था के सदस्यों को सम्मानित भी किया. वे सोमवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित द नज इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि हमारी दीदियों ने 3 वर्ष पूर्व 'इंड अल्ट्रा पॉवर्टी (ईयूपी) कार्यक्रम' के तहत विविध आजीविका के माध्यम से एक सम्मानजनक जीवन जीने हेतु छात्रा के रूप में यात्रा शुरू की थी. तीन साल के पश्चात वे स्नातक के रूप में उभरी हैं और उनकी उपलब्धियां प्रेरणा का स्रोत हैं. झारखंड में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित कई आदिवासी परिवारों को गरीबी से ऊपर उठाने के लिए वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिससे दीदियों के जीवन में ठोस बदलाव आया है.




**किसी देश की आर्थिक प्रगति में पासपोर्ट कार्यालय की महती भूमिकाः राज्यपाल**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को नामकुम में पासपोर्ट सेवा केंद्र रांची का नये परिसर में शुभारंभ करते हुए कहा कि किसी देश की आर्थिक प्रगति में पासपोर्ट कार्यालय की महती भूमिका है. अब हमारी आर्थिक गतिविधियां सिर्फ देश के अंदर तक सीमित नहीं रहकर वैश्विक हो गयी है. नित्य बदलते हुए परिवेश में युवाओं की भूमिका काफी बढ़ गयी है. वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं एवं प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं और इस दिशा में रांची स्थित यह क्षेत्रीय कार्यालय अहम भूमिका निभाएगा. कहा कि इस पासपोर्ट कार्यालय के द्वारा पासपोर्ट बनाने के लिए मोबाइल वाहन के द्वारा सेवा प्रदान की जायेगी. लोगों को कठिनाई से निजात देने एवं उन्हें सुविधा प्रदान करने के दिशा में इस कार्यालय का यह पहल काफी प्रशंसनीय है.

**राज्यपाल ने अनुभव भी किया साझा :** राज्यपाल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि किस प्रकार कोयंबटूर में पासपोर्ट कार्यालय के नहीं होने से आसपास के क्षेत्रों यथा- तिरुपुर, इरोड इत्यादि स्थानों के लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था. पासपोर्ट कार्यालय के खुलने के एक सप्ताह के अंदर लगभग 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए. वहां पासपोर्ट कार्यालय खुलने से औद्योगिक गतिविधियां काफी तेज हुईं और कोयंबटूर, तिरुपुर एवं इरोड इत्यादि स्थानों का कारोबार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ा. उन्होंने उम्मीद प्रकट करते हुए कहा कि इस पासपोर्ट कार्यालय के खुलने से झारखंड में औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और झारखंड में विकास की गति तेज होगी. उनके द्वारा इस अवसर पर सांकेतिक रूप से आवेदकों को पासपोर्ट भी उपलब्ध कराया.

---

# ई-कल्याण छात्रवृत्ति के लिए प्रदर्शन

**संवाददाता।रांची**

ई कल्याण स्कॉलरशिप के छात्रों ने झारखंड प्रोजेक्ट भवन के बाहर धरना दिया. पिछले दस महीने से पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप की राशि नहीं मिलने से छात्र नाराज हैं. इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग समेत अन्य कोर्स शामिल हैं. छात्रों ने बताया कि स्कॉलरशिप की राशि भुगतान के लिए जिला से लेकर राज्य स्तर के अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं. सभी ने केवल आश्वासन ही दिया है. किसी ने भी इसका समाधन नहीं किया. उन्होंने आगे बताया कि हमलोग रांची जिला कल्याण पदाधिकारी और कल्याण आयुक्त से कई बार मुलाकात किया. कई बार अपनी बातों को रखा, लेकिन हर बार वे हमें आश्वासन ही देते रहे. छात्रों ने बताया कि कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने 4 मार्च तक का समय दिया है. चार मार्च तक सभी को स्कॉलरशिप की राशि का पूरा भुगतान कर दिया जाएगा. कुछ छात्रों के स्कॉलरशिप की राशि का भुगतान कर दिया गया है. वहीं कुछ छात्रों का भुगतान होना अभी भी बाकी है.



**नहीं हो रहा है समस्या का समाधान**

झारखंड सरकार द्वारा दिये जाने वाले ई कल्याण स्कॉलरशिप छात्रों के लिए सहायता कम और मुसीबत ज्यादा बनी है. पिछले दस महीने से छात्र आंदोलन कर रहे हैं. झारखंड के सभी जिलों के छात्र कई बार कल्याण कॉम्पेक्स का घेराव कर चुके हैं. उन्हें कई बार केवल आश्वासन दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ. रांची जिला के छात्र जिला कल्याण पदाधिकारी का कार्यालय भी घेर चुके हैं. जिला से लेकर राज्य स्तर के पदाधिकारियों ने सिर्फ उन्हें आश्वासन ही दिया है.

---

# राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजना पर कार्यशाला आज

**संवाददाता।रांची**

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की आकर्षक योजना के तहत झारखंड में बागवानी आधारित व्यवसाय-उद्योग एवं हाइटेक हाइप्रॉफिट सब्जी, फल-फूल, मशरूम की वाणिज्यिक खेती के विकास के लिये मंगलवार को चैंबर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया है. कार्यशाला का आयोजन झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, आईसीएआर पलांडु, नाबार्ड, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स लिमिटेड के उच्चाधिकारी शामिल होंगे. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री व अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा कृषकों और उद्यमियों की आय में बढ़ोतरी के लिए झारखंड में इस उद्यम के विकास के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा आकर्षक सब्सिडी योजना की घोषणा की गई है,

### जातीय जनगणना के फैसले का स्वागतः कैलाश

**रांची।** धुर्वा में शहीद जगदेव जनकल्याण परिषद की ओर से आयोजित शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती हर्षोउल्लास से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया. इस अवसर पर झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद कुशवाहा शोषित पीड़ित समाज के क्रांतिनायक थे. और लोगों की समस्याओं का सरकार के समक्ष बेहतर तरीके से रखते थे. कहा कि जातीय जनगणना के फैसले का हम स्वागत करते हैं.

---

# एआईएमएम ने मंत्री-विधायक को सौंपा छह सूत्री मांग पत्र



**संवाददाता।रांची**

झारखंड एआईएमआईएम का प्रतिनिधिमंडल मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवास में मुलाकात कर 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा. उसके बाद एआईएमएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर ने अंजुमन इस्लामिया के मुसाफिरखाने में पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि कहा कि झारखंड राज्य के तमाम अल्पसंख्यक समाज के लोगों के हक व अधिकार के लिए झारखंड के सभी मुस्लिम मंत्रियों और विधायकों को 6 सूत्री मांग पत्र दिया गया. सभी से मांग की गई कि झारखंड सरकार के कार्यकाल में पुलिस हिरासत में मॉब लिंचिंग किए गए लोगों के आश्रितों को 50 लाख रुपए एवं नौकरी के साथ दोषी पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई किया जाये. 2019 के अपने घोषणा पत्र में जो सरकार की पार्टियों ने वादा किया था मुसलमानों से वह तमाम वादों को पूरा करें. उर्दू शिक्षकों की खाली पदों को बहाल किया जाए. आईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी ने रांची की आम जनता से मजलिस का दामन थामने की अपील की. उन्होंने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के सपनों को साकार कर अपना लीडरशिप पैदा करें.

---

# मंत्री मिथिलेश ने पदभार ग्रहण किया

**विशेष संवाददाता।रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अपने विभाग में पदभार ग्रहण किया. मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने डोरंडा स्थित नेपाल हाउस के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में पदभार संभाला है. वहीं कांके रोड स्थित उत्पाद भवन में उत्पाद विभाग का प्रभार ग्रहण किया. इस मौके पर सचिव और अन्य अधिकारियों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. मंत्री ठाकुर ने कहा कि जनता ने मुझे 5 साल के लिए सेवा करने के लिए चुना था. लेकिन विपक्ष की कूटनीति के कारण हम फिर से दोबारा शपथ लेने को मजबूर हुए हैं. और जो भी पुराने बचे हुए काम हैं उसे इस कार्यकाल में पूरा कर लिया जाएगा और पूरे ताकत के साथ जनता के कामों के लिए हम तत्पर हैं. उन्होंने कहा कि मेरा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग है और जनता को नल के मध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा.

**कहा- बचे सभी पुराने काम पूरे करेंगे**



**मंत्री रामेश्वर उरांव ने कार्यभार संभाला**



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में कामकाज संभाल लिया. उन्हें वित्त, वाणिज्यकर, योजना विकास एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री विभाग दिया गया है. मंत्रालय में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. उन्होंने वित्त, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराना उनका लक्ष्य है. इस वित्तीय वर्ष की बजट की राशि समय पर खर्च की जाये, इसके लिए जल्द ही सारे विभागों के साथ वे बैठक भी करेंगे. राज्य के नवनियुक्त मंत्री बसंत सोरेन को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित ग्राउंड फ्लोर में कमरा नंबर आठ आवंटित किया गया. बसंत सोरेन राज्य के भवन निर्माण मंत्री, पथ निर्माण मंत्री व जलसंसाधन विभाग के भी मंत्री हैं. इस कमरे में हेमंत सोरेन सरकार के समय मंत्री रहे चंपाई सोरेन का कार्यलाय था. इसे अब नये सिरे से साज-सज्जा करा रहा है. इसी कार्यालय में अपना बसंत सोरेन योगदान देकर कामकाज संभालेंगे.

---

# झारखंड तीसरा मोर्चा ने बैलेट से चुनाव कराने की मांग की

**संवाददाता।रांची**

झारखंड तीसरा मोर्चा के तत्वावधान पर सोमवार को डॉ जाकिर हुसैन पार्क के समक्ष महाधरना कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसका नेतृत्व पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने किया. मोर्चा के माध्यम से धरना कार्यक्रम से केंद्र सरकार से मांग की गयी. मांगों में ईवीएम हटाओ बैलेट पेपर से चुनाव कराये, झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दें, बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय जनगणना हो, 1932 के आधार पर जहां-जहां जब ये सर्वे हुए हैं, उसके अनुसार स्थानीय नीति किया जाये, झारखंड बनने के पूर्व से जो यहां बसे हुए हैं, उनके लिये भी स्पष्ट नीति तय हो, शिक्षा व स्वास्थ्य को अनिवार्य घोषित किया जाये, परिसीमन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाये, ड्राइविंग लाइसेंस की फीस माफ हो आदि मांगें शामिल हैं. धरना कार्यक्रम में अब्दुल खालिक, राम नरेश यादव, नील जस्टिन बेक, मंसूर आलम, बबन चौबे, विजय सिंह, अधिवक्ता रंजीत महतो, नीलांबर साहू, प्रकाश सोनी, सुनील साहू, अमरेंद्र कुमार, इमाम सफी, रामेश्वर महतो समेत विभिन्न संगठनों के पदधारी शामिल थे.




---

**विरोध जारी**

### हेमंत सोरेन को लेकर झामुमो के उपवास कार्यक्रम का 5वां दिन

# हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसाया गया है : भूषण

**विशेष संवाददाता।रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सरकार को साजिश के तहत फंसाने और जेल भेजने के खिलाफ झामुमो का अनशन 5वें दिन भी जारी रहा. रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम झामुमो गुमला जिलाध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में हुआ. मौके पर भूषण तिर्की ने कहा, जिस प्रकार राज्य में हमारे हेमंत सोरेन विकास कार्य कर रहे थे. इससे पहले किसी नेता ने झारखंडी हितों को देखते हुए इस तरह के विकास कार्यों को रफ्तार नहीं दी थी और इसी कारण केंद्र की मोदी सरकार ने झूठे केस में उन्हें फंसा कर राज्य के विकास को बाधित किया है. हम मजबूती से उनके समर्थन में डटे रहेंगे, गांव-गांव पंचायत स्तर पर भी न्याय यात्रा के माध्यम से सभी कार्यकर्ता उनके समर्थन में निकल रहे हैं.




**तानाशाह सरकार को आने वाले दिनों में जनता देगी जवाबः** रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा, पूरे राज्य में हेमंत सोरेन पर हो रहे अन्याय के खिलाफ पंचायत स्तर पर न्याय यात्रा निकाले जा रहे हैं. रांची में भी इसी के तहत उपवास कार्यक्रम का आज 5 वां दिन है और इस तानाशाह सरकार को आनेवाले दिनों में जनता का जवाब मिलेगा. कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, पवन जेडिया, अमर टोप्पो, चिंतामणी सांगा, डॉ हेमलाल मेहता, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, अरुण वर्मा, आफताब आलम, लालजी रमण, सचिव आदिल इमाम, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, सुजित उपाध्याय, कैथरीना तिर्की, नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष सालो देवी, उषा उरांव, मंजू उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिलाध्यक्ष फरीद खान, परवेज आलम, सुजित कुजुर, बिरसा उरांव, दिलीप पाहन, रफीक अंसारी, चरण उरांव, एजाज शाह, अजय वर्मा, सोनू मुंडा सहित कई उपस्थित थे.

---

### रांची में इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट मैच के दौरान नहीं रहेगा बारिश का साया

# मैच के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री कल से

**शुभम किशोर।रांची**

राजधानी रांची में क्रिकेट के सितारे खेलते दिखेंगे. 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट जेएससीए स्टेडियम में खेला जाना है. मैच की तैयारी जोरों पर है. 20 फरवरी से ऑफलाइन टिकट की बिक्री शुरू हो रही है. पश्चिमी गेट पर बने टिकट काउंटर पर 20 से 22 फरवरी तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक उपलब्ध होंगे. जिसमें चार काउंटर चालू होंगे. 23 से 27 फरवरी तक मैच के दौरान भी प्रशंसक टिकट ले सकते हैं. टिकटों की खरीद के एक काउंटर चालू होगा. एक व्यक्ति अधिकतम 6 टिकट खरीद सकता है और काउंटर से टिकट लेते समय उसी व्यक्ति का फोटो पहचान पत्र जरूरी है. टिकट की शुरूआत 250 रूपय से लेकर 2500 तक है. ऑनलाइन बुकिंग में 23 और 24 फरवरी के 250 वाले टिकट पूरे बिक चुके थे.बता दें कि 16 फरवरी से टिकट की ऑनलाइन बिक्री शुरू हुई थी.

**ये है टिकटों की कीमत**

| | |
|---|---|
| पश्चिम हिल | 250 रुपये प्रतिदिन |
| प्रेसिडेंट इनक्लोजर | 2000 रुपये प्रतिदिन |
| हास्पिटैलिटी ब्लाक | 1500 रुपये प्रतिदिन |
| अमिताभ चौधरी पवेलियन अपर टियर | 700 रुपये प्रतिदिन |
| कॉर्पोरेट लाउन्ज | 1200 रुपये प्रतिदिन |
| ए विंग लोअर | 400 रुपये प्रतिदिन |
| बी विंग लोअर | 500 रुपये प्रतिदिन |
| सी विंग लोअर टियर | 400 रुपये प्रतिदिन |
| डी विंग लोअर टियर | 500 रुपये प्रतिदिन |
| एमएस धोनी पवेलियन लक्जरी | 2500 रुपये प्रतिदिन हॉस्पिटैलिटी के साथ |

### मौसम रहेगा साफ

मौसम विभाग के अनुसार, 23 फरवरी को झारखंड में बारिश होने की संभावना है. लेकिन इसका असर रांची में होने वाले भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच में नहीं होगा. मौसम विभाग के द्वारा जारी डाटा के अनुसार, 23 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में बारिश होने के आसार हैं. रांची में इसका असर नहीं देखने को मिलेगा. 24 फरवरी से सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा.

# सुपर ओवर में जीत दर्ज कर स्वर्णरेखा बनी एमपीएल-5 की चैंपियन

संवाददाता। रांची



टीम स्वर्णरेखा ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम नव ऊर्जा को सुपर ओवर में हराकर महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) टेनिस बॉल क्रिकेट के पांचवे संस्करण का खिताब जीत लिया. आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों के लिए आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) के सभी मैच महादेव खेल प्रांगण में खेले गए. फाइनल मैच में टीम स्वर्णरेखा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया.

पहले बल्लेबाजी करने आयी टीम स्वर्णरेखा ने निर्धारित 10 ओवरों में दो विकेट खोकर शानदार 109 रन बनाये. देबबर्ता सिन्हा (15), सुशील टुडू (39) और मैन ऑफ द फाइनल बलजीत संसोआ ने तीन छक्के और चार चौके की मदद से अविजित 46 रन अपनी टीम के लिए जोड़े. टीम नव ऊर्जा की ओर से संतोष मिश्रा और नीरज कुमार ने एक-एक विकेट लिया. जवाबी पारी में राजेश महतो की आतिशी पारी (42) की बदौलत टीम नव ऊर्जा ने भी निर्धारित 10 ओवरों में 109 रन बनाकर मैच टाई करा दिया. जिसमें सुमित महतो (25) और संतोष मिश्रा (13) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजेश महतो और सुमित महतो ने महज सात रन का लक्ष्य टीम स्वर्णरेखा के सामने रखा, जिसे सुशील टुडू और मिथुन माझी की जोड़ी ने केवल तीन गेंदों में 10 रन बनाकर मैच और चैंपियनशिप खिताब अपने नाम कर लिया.

टीम नव ऊर्जा के राजेश महतो लीग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किये गए, जबकि टीम स्वर्णरेखा के सुशील टुडू को मैन ऑफ द सीरीज और टीम अन्नपूर्णा के सचिन कुमार सोनू क्रिकेट लीग के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने. फाइनल में धमाकेदर बल्लेबाजी करने वाले बलजीत संसोआ मैन ऑफ द फाइनल रहे.

### प्रीमियर लीग कुल 12 टीमें थीं शामिल



बता दें कि महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में कुल बारह टीमें खेल रहीं थी. जिसमें स्वर्णरेखा, कवच, नव ऊर्जा, अन्नपूर्णा, शक्तिस्रोत, श्रमशक्ति, उजाला, प्रतिष्ठा, जीवनदायिनी, संकल्प, सिदो कान्हू और प्रकाश ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की थी. फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने पारितोषिक वितरण किया और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की. उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी और सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया. दस दिन तक चले महादेव प्रीमियर लीग (एमपीएल) में सभी उच्चाधिकारी और कर्मचारियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए टूर्नामेंट को सफल बनाया.

# सरला बिरला के विद्यार्थियों का एनएएसटीए में शानदार प्रदर्शन











- कक्षा 7वीं की अरीबा इरम फातिमा और 10वीं के मोहम्मद अम्मार बने स्टेट टॉपर

संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड कैंप-(एनएएसटीए) 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है. कक्षा 7वीं की अरीबा इरम फातिमा और कक्षा 10वीं के मोहम्मद अम्मार अहमद असेसमेंट में पहली रैंक हासिल कर स्टेट टॉपर बने. शिक्षकों ने बताया कि दोनों सफल छात्रों ने वैज्ञानिक स्वभाव, ज्ञान, तर्क और सिद्धांतों को वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें यह सफलता मिली. विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी. प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनका वैज्ञानिक स्वभाव एक महान योग्यता है जो उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता की ओर ले जाएगी.

## आचार्यश्री विद्यासागर महामुनिराज ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में ली समाधि

# आचार्यश्री विद्यासागर को नमन करने डोंगरपुर उमड़े जैन धर्मावलंबी

संवाददाता। रांची

विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत आचार्यश्री विद्यासागर महामुनिराज छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में सल्लेखनापूर्वक समाधि की अवस्था को प्राप्त कर ब्रह्मलीन हो गए. देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों जैन धर्मावलंबियों की मौजूदगी में दिन में उनका अंतिम संस्कार किया गया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, अनेक केंद्रीय मंत्रियों, अनेक राज्यों के मुख्यमंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आचार्यश्री विद्यासागर के समाधिस्थ होने पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके कार्यों का स्मरण किया है. मोदी ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान अपने संबोधन में आचार्यश्री का स्मरण किया और वे उनका स्मरण करते हुए भावुक हो गए. प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के सिद्धांत और विचारों से भारत भूमि को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी. मोदी ने आचार्यश्री के साथ हुई उनकी मुलाकातों का भी जिक्र किया. अधिवेशन के दौरान भाजपा नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर आचार्यश्री के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए. डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में रविवार तड़के लगभग दो बजकर पैंतीस मिनट पर आचार्यश्री ने अंतिम सांस ली. वे 77 वर्ष के थे, कुछ दिनों से अस्वस्थता के बावजूद उन्होंने अपनी निर्धारित दिनचर्या और साधना का क्रम नहीं छोड़ा, आचार्यश्री ने सल्लेखना पूर्वक समाधि के उद्देश्य से पिछले तीन दिनों से उपवास और मौन का संकल्प लेकर अन्न जल का भी त्याग कर दिया था, आचार्यश्री के समीप अनेक दिगंबर जैन मुनि, ब्रह्मचारी भैया और श्रद्धालु मौजूद थे. जैन परंपराओं के अनुसार आचार्यश्री ने व्रतों का पालन करते हुए आचार्य पद भी त्याग दिया. चंद्रगिरि तीर्थक्षेत्र के प्रबंधकों के अनुसार आचार्यश्री के अस्वस्थ होने की सूचना के चलते यहां पर हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबी पहले ही आ चुके थे.

समाधि की सूचना के बाद हजारों की तादाद में लोग और पहुंच गए. दिन में लगभग एक बजे जैन मुनियों की ओर से कराए गए धार्मिक संस्कार के बीच आचार्यश्री की पार्थिवदेह को एक विशेष प्रकार से तैयार की गयी डोली में विराजमान कर अंतिम संस्कार स्थल ले जाया गया, जहां पर अंतिम संस्कार संपन्न हुआ और उनकी देह अग्नि को समर्पित कर दी गयी. प्रबंधकों के अनुसार जैन मुनि योगसागर महाराज, समतासागर महाराज, अभयसागर महाराज, संभवसागर महाराज, प्रसादसागर महाराज और अन्य संघस्थ मुनि डोंगरगढ़ में मौजूद हैं. इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद दिगंबर जैन संत पदविहार करते हुए डोंगरगढ़ की ओर बढ़ रहे हैं. इसके मद्देनजर यहां पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं. आचार्यश्री से दीक्षित हजारों की संख्या में ब्रह्मचारी भैया और दीदियां भी डोंगरगढ़ में मौजूद हैं.

### आचार्यश्री का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के सदलगा गांव में हुआ था



आचार्यश्री का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक राज्य के बेलगांव जिले के सदलगा गांव में हुआ था. वैराग्य की भावना बचपन से ही उनके कार्यों में परिलक्षित होती थी और उन्होंने 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर नगर में मात्र 22 वर्ष की युवास्था में ही अपने गुरू आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज से मुनिदीक्षा ग्रहण की थी. आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज ने अपने शिष्य मुनि विद्यासागर की कठिन तपस्या को देखते हुए उन्हें युवावस्था में ही आचार्य पद सौंप दिया था. अनेक भाषाओं के जानकार और मूकमाटी जैसे महाकाव्य की रचना कर चुके आचार्य विद्यासागर के जीवन का काफी समय मध्यप्रदेश में बीता. अनेक पुस्तकों की रचना कर चुके आचार्यश्री के भक्तों में सिर्फ जैन धर्मावलंबी ही नहीं, बल्कि जैनेतर व्यक्ति भी शामिल हैं. हिंदी, संस्कृत, मराठी, कन्नड़, प्राकृत और अन्य भाषाओं के जानकार आचार्यश्री ने अपने जीवनकाल में लगभग साढ़े तीन सौ मुनि और आर्यिका दीक्षाएं दीं, इसके अलावा हजारों की संख्या में ब्रह्मचारी भैया और दीदियां भी उनसे दीक्षित हैं.

### श्रीविद्यासागर जी की संलेखनापूर्वक समाधि एक महान संत का महाप्रयाण है



**रांची।** जैन धर्मावलंबी अपने सद्गुरु आचार्य श्री विद्यासागर जी की समाधि से व्यथित हैं. रविवार को सुबह जैसे ही चंद्रागिरि तीर्थ डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ में मुनिराज के ब्रह्मलीन होने की सूचना मिली, तब से ही समाज में शोक का माहौल है. मंदिर जी में एकत्रित हो सभी अपने गुरुवर को विनयांजलि अर्पित कर रहे हैं. सोमवार को भी जैन मंदिर, जेजे रोड में सुबह सवा आठ बजे विनयांजलि सभा हुई. इसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने हिस्सा लिया. समाज के अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल ने आचार्यश्री के विषय में कहा की वो जिन शासन की शान थे. गुरुवर न सिर्फ जैनों के गुरु थे, बल्कि पूरे विश्व के हर धर्म के लोग उनके दिलों में बसते थे. वे समाज को जीवन जीने की कला सीख गए. इनके बाद पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, अजय गंगवाल, प्रदीप बाकलीवाल, रीता जैन आदि ने भी दुःख व्यक्त करते हुए अपने इष्ट के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किया. कहा कि आचार्य 108 श्रीविद्यासागर जी महामुनिराज की संलेखनापूर्वक समाधि एक महान् संत का महाप्रयाण है.

# गोल के एमडी विपिन सिंह ने छात्रों को दिया नीट क्वालीफाई करने का मंत्र

संवाददाता। रांची



गोल संस्थान ने सेमिनार का आयोजन किया है. इसके मुख्य वक्ता संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन सिंह रहे. उन्होंने कई टिप्स दिए बच्चों को नीट क्वालिफाई करने के बारे में भी बताया. उसके बाद उन्होंने कहा कि नीट 2024 के लिए छात्रों के पास मात्र 75 दिन शेष रह गए है. ऐसे में मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि अंतिम समय में अपने तैयारी को अंतिम रूप कैसे दे.

उन्होंने समय का प्रबंधन करते हुए प्रतिदिन 10 घंटे या ज्यादा की पढ़ाई करने को कहा. पॉजिटिव सोच एवं आत्म विश्वास के साथ प्रयास करने, एनसीईआरटी की पुस्तक को तैयारी के मुख्य केन्द्र करने को कहा. साथ ही प्रत्येक चैप्टर के प्रश्नों से अभ्यास करने, डाउट्स वाले प्रश्नों के लिए शिक्षक एवं डिस्कशन करने, सही समय अंतराल पर बार-बार रिविजन, टेस्ट के माध्यम से अपने गलतियों को जानें एवं लगातार उसे सुधारने की कोशिश करने को कहा. सही एवं जानकार व्यक्ति की निगरानी में सही दिशा निर्देश को फॉलो करने को भी कहा.गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि अंतिम समय में छात्र किसी नए पुस्तक को पढ़ने से बचें और अपने निगेटीव स्कोर को कम करने के लिए पर्याप्त रिविजन व प्रैक्टिस करें. प्रत्येक दिन छोटे-छोटे लक्ष्य बनाकर उसे एचीव करने से बड़ा लक्ष्य आसानी से पा सकते हैं. योगा प्राणायाम और सकारात्मक सोच से अपने तन-मन को स्वस्थ रखते हुए पढ़ाई करें. अंतिम समय में पर्याप्त नींद लें और प्रत्येक दिन उसे पिछले दिन से बेहतर बनाने का प्रयास करें. गोल इन्स्टीट्यूट में पढ़ाई कर सफलता पाकर राजेंद्र इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) में पढ़ाई कर रहे नीट 2023 के शुभम - मार्क्स 650, सुरभि - मार्क्स 648, अक्षरा, अभिलाषा और अनुष्का व नीट 2022 के रविशंकर, शुशांत ने अपने तैयारी के दौरान के अनुभवों को साझा किया.

### श्री चैती दुर्गा मंदिर का कार्यक्रम आज से



रांची-श्री चैती दुर्गा मंदिर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से कलश यात्रा और गौरी पूजन के साथ शुरू किया जाएगा. महोत्सव के दूसरे दिन सुबह माता का महा स्नान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. जो पवित्र नदियों के जल के साथ होगा. इसके बाद सर्वविधा पूजन, दुर्गा सप्तशमी पाठ, आरती, हवन के साथ अनुष्ठान मंदिर के पुजारी के द्वारा किया जाएगा.

### श्रीमहावीर मंडल रांची का चुनाव 17 मार्च को

**रांची।** श्रीमहावीर मंडल रांची का चुनाव 17 मार्च को कराया जायेगा. श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट, महावीर चौक में सोमवार को उक्त निर्णय श्रीमहावीर मंडल केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक में लिया गया. बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश यादव कर रहे थे. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,शंकर साहू, पर्यवेक्षक राजकुमार गुप्ता, सह चुनाव अधिकारी राजू यादव, बिंदुल वर्मा, शंकर प्रसाद विष्णु प्रसाद लीलू, रौशन अग्रवाल मौके पर खास तौर से मौजूद थे. बैठक के दौरान चुनाव से संबंधित प्रक्रिया पर गहन चर्चा की गयी. वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक की आय-व्यय, सदस्यों का नवीकरण सूची और अन्य कार्य विवरण सहित बैंक अकाउंट का डिटेल्स कॉपी जो पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव द्वारा कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत के अनकेक्षित हस्ताक्षरित, सभी मुख्य चुनाव अधिकारी को दिया गया.

## न्यूज अपडेट

### राजभवन के सामने धरने पर बैठा अभाविप



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) विभिन्न मांगों को लेकर राजभवन के सामने धरने पर बैठा है. अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याग्यवल्क के शुक्ला के नेतृत्व में झारखंड के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज के छात्र भी छात्र हुंकार धरना दे रहे हैं. धरने पर बैठे छात्र विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति, समय पर सेशन, राजभवन के पदाधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप और झारखंड के विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग को बंद करने की मांग कर रहे हैं. अभाविप के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वो उग्र आंदोलन करेंगे. कहा कि हम लोगों ने कई बार राज्यपाल के सामने अपनी समस्या रखने की लिए राजभवन से समय मांगा. लेकिन उन्हें समय नहीं दिया जा रहा है.

### मनोयोग से करें माता-पिता की सेवा : आनंद

**रांची।** श्रीबजरंगबली मंदिर, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया के पांच दिवसीय रजत जयंती उत्सव पर राम कथा का खास आयोजन किया गया है. उत्सव के दूसरे दिन सुबह से दोपहर बाद तक स्थापना पूजन आदि अनुष्ठान चला. शाम छह बजे से श्रीराम कथा प्रारंभ हुआ. अयोध्या से आये श्रीराम कथावाचक आनंद मुनी जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथारस का पान कराते हुए भक्ति और ज्ञानात्मक बाते बतायी. साथ ही प्रसंगानुसार भजन भी प्रस्तुत किये. योगी जी ने कहा कि श्रीराम कथा अनुकरणिय है. इसके श्रव्ण मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है. इसमें सफल जीवन का सार समाहित है. जब भी मौका मिले इसका श्रवण अवश्य करें.



### वुशु टूर्नामेंट के लिए झारखंड की टीम घोषित

**रांची।** 22 फरवरी से रांची के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम मे आयोजित 7वें फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता के लिए झारखंड दल की घोषणा कर दी गयी. टीम का चयन पिछले दिनों आयोजित किये गए ट्रायल और खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया. झारखंड दल की सफलता के लिए झारखंड वुशु एसोसिएशन के डॉ प्रदीप वर्मा सहित कुमुद प्रसाद साहू, चंचल भट्टाचार्य, प्रियदर्शी अंमर, मिथिलेश साहू, शैलेन्द्र दुबे, डॉ अंशु साहू, रत्नेश कुमार, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, वाहिद अली, दीपक गोप, शिवेंद्र दुबे, रंजीत कुमार, गोकुलनंद मिश्रा, आज़ाद पाठक, प्रोफेसर मुकुंद मेहता,राजकुमार जैन, शैलेन्द्र कुमार आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी.

# टीएफएफआई इवेंट में जज की भूमिका में रहीं डॉ ख्याती



संवाददाता। रांची

डॉ ख्याति मुंजल को झारखंड वाणिज्य मंडल द्वारा आयोजित टेक्सटाइल इंडस्ट्री फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफएफआई) इवेंट में न्यायक (जज) के रूप में नियुक्त किया गया. उन्होंने गारमेंट कंस्ट्रक्शन प्रतियोगिता में अपने व्यापक ज्ञान और अनुभव के साथ युवा डिजाइनर्स को सहायता की और उन्हें प्रेरित किया. यह प्रतियोगिता झारखंड वाणिज्य मंडल के एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी जो नवीनतम फैशन और डिजाइन को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखता है. डॉ मुंजल ने इस साथीत्व को और मजबूत बनाया और युवा डिजाइनर्स को मार्गदर्शन प्रदान किया. ख्याति मुंजल ने उन उभरते हुए डिजाइनरों की रचनात्मकता और प्रतिभा को देखने का अनुभव किया.

## झारखंड आंदोलनकारी की बैठक में सरकार से जितेंद्र सिंह बोले

# आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान दें

संवाददाता। रांची



झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पुराना विधानसभा विधायक क्लब सभागार में सोमवार को हुई. निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, सम्मान पेंशन 50-50 हजार रु देने एवं रोजी रोजगार एवं नियोजन में 90 फीसदी की गारंटी, जीते जी झारखंड आंदोलनकारी का चिन्हतीकरण नहीं करती है तो आंदोलनकारी 9 मार्च को झारखंड आर्थिक नाकेबंदी करने तथा जरूरत पड़ी तो संसदीय रास्ते पर भी चलेंगे. आंदोलनकारी सरकार आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान दे.

संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य की आंदोलनकारी सरकार झारखंड आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान सम्मान पेंशन 50-50 हजार रूपये, रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी के साथ 100 फीसदी गारंटी करें. सरकार अलग राज्य के आंदोलनकारी के संघर्ष के मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में कार्य करें. मौके पर बालकिशुन उरांव उपाध्यक्ष, बिकेश शुक्ला, रोजलीन तिर्की, विदेशी महतो, राजू दास, असमान सुन्डी, विश्वजीत प्रमाणिक, शिबू काली मैती, सुभाष सिंह, मिहिर तिवारी, दिनेश राम, विनोद बड़ाइक, कालेश्वर सोरेन, राम भगत, नारायण मंडल, राजदेव महथा, सीताराम उरांव को अलग अलग जिले से प्रमंडलीय अध्यक्ष बनाये गये हैं. मौके पर विदेशी महतो, जितेंद्र सिंह,अली हसन,सतीश कुमार, रोजलीन तिर्की, जिदान कोल, मुरलीधर प्रसाद, सीताराम उरांव, सूरज देव भगत मौजूद थे.

**रणजी ट्रॉफी** जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में हुआ झारखंड और राजस्थान का मुकाबला

# झारखंड ने राजस्थान को 89 रन से दी मात

संवाददाता। रांची





रणजी ट्रॉफी 2024 मुकाबला जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में हुआ. इसमें झारखंड और राजस्थान के बीच खेले गए मुकाबले में झारखंड ने 89 रनों से जीत दर्ज की. झारखंड की तरफ से दूसरी पारी में 72 रन बनाने वाले आदित्य सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया.

राजस्थान को जीत के लिए चौथी पारी में 248 रनों का लक्ष्य मिला. अनुकुल रॉय और शाहबाज नदीम के शानदार गेंदबाजी के बदौलत झारखंड ने राजस्थान को 158 रनों पर समेट दिया. झारखंड की ओर से अनुकूल रॉय ने 36 रन देकर पांच विकेट व शाहबाज नदीम ने 53 रन देकर तीन बल्लेबाजों को आउट किया. वरुण आरोन और उत्कर्ष सिंह को एक-एक विकेट मिला. अपना अंतिम मुकाबला खेल रहे झारखंड के कप्तान सौरव तिवारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. बल्लेबाजी करते हुए झारखंड की टीम सिर्फ 188 रन पर सिमट गई. उत्कर्ष सिंह ने 43, सौरव तिवारी ने 42, कुमार कुशाग्र ने 37 रन का बनाए. वहीं राजस्थान की ओर से खलील अहमद, महिपाल लोमरोर ने 3-3 विकेट, मानव सुतार ने 2 विकेट लिए. इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने सलमान खान की 52 रनों की अर्धशतकीय और सुमित गोदारा के 44 रनों की मदद से 210 रन बनाये. झारखंड के वरुण एरोन ने चार, सौरभ शेखर ने तीन विकेट चटकाए. झारखंड की टीम ने दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिय 69 रन जोड़े.

आदित्य सिंह के 72, आर्यमन सेन ने 38, नदीम सिद्दीकी ने 33, विराट सिंह ने 28 और अनुकूल रॉय ने 21 रनों की पारी के दम पर सभी विकेट खोकर 269 रन बनाए. राजस्थान की ओर से मानव सुतार, अनिकेत और अजय ने 3-3 विकेट लिए.

## श्रीदुर्गा मंदिर, रातू रोड का दो दिनी वार्षिकोत्सव संपन्न

# जागरण में भक्तों ने लगाए मइया के जयकारे

संवाददाता। रांची



श्रीदुर्गा मंदिर, रातू रोड का दो दिनी 37वां वार्षिकोत्सव सोमवार को संपन्न हो गया. उत्सव के अंतिम दिन सुबह से देर रात तक भक्ति की अविरल धारा बही. शुरुआत सुबह दैनिक पूजन-आरती से हुई. इसके बाद स्थापना पूजन से हुई. पुरोहित संतोष पाठक ने सहयोगी विद्वानों संग वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान और हवन संपन्न कराया. राजेश प्रकाश सिन्हा और बबलू सिंह ने सपत्नीक यजमान के रूप में इसमें हिस्सा लिया. फिर भंडारा शुरू हुआ. बड़ी संख्या में भक्तों ने मां का प्रसाद पाया. इस बीच रातू रोड वाली मईया के जयकारे से रह-रह कर वातावरण गूंजता रहा. शाम साढ़े सात बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक चला. स्टार म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले औरंगाबाद से आया बालक कृष्णा बिहारी, छत्तरपुर के धर्मेंद्र उजाला और रामगढ़ से आयी कोमल छाया ने गणेश वंदना से शुरुआत कर भक्ति गीतों की झड़ी लगा दी. उपस्थित श्रद्धालु मईया का जयकारा लगाते हुए घंटों नाचते-झूमते रहे. ऑर्गन पर विपिन, पैड पर संदीप, ढोलक पर मोनू, बैंजो पर अंजनी और कोरस पर चंदन कुमार ने भजन गायकों का खूबसूरती से संगत किया. प्रदीप सिंह ने इसमें कॉडिनेटर की भूमिका अदा की.

**प्यारा सजा मइया का दरबार :** दुर्गा वाली मईया के दरबार का आकर्षक श्रृंगार को भाया. पुष्प और गुब्बारे से सजे मंदिर में नृत्य करती रंग-बिरंगी रोशनी की मनोहारी छटा के क्या कहने. दर्शन-पूजन कर मत्था टेकने के बाद भक्त एकटक मईया के दिव्य रूप को निहारते नहीं थकते. देर शाम तक मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा.

**दिया योगदान :** आरआर स्पोर्टिंग क्लब के मुख्य संरक्षक विक्की यादव व अन्य का योगदार रहा.

## ब्रीफ खबरें

### डकरा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

**डकरा।** आखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ डकरा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 में कराया .जिसका प्रमाणपत्र सोमवार को झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के प्रार्थना सभा में विद्यालय के सभी बच्चों तथा शिक्षकों को उपस्थित में कक्षा 5 से लेकर11 तक में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया.विद्यार्थियों को स्कूल के प्रधानाध्यापक ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी .

### भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक

**नामकुम।** प्रखंड के हाहाप पंचायत के चरना बेड़ा गांव में हाहाप मुखिया की अध्यक्षता में प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बैठक किया . समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने बताया कि प्रखंड में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, ऑनलाईन प्लांट चढ़ाने जन्म प्रमाण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में लोगों को काफी दिक्कत हो रहा है. इन्हीं मुद्दा को लेकर 27 फरवरी 2024 को प्रखंड व अंचल कार्यालय के समक्ष घेराव करने का निर्णय किया गया. मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,52 पडाह के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, अजीत एक्का, पास्कल लकड़ा एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

### किसी भी योजना के लिए नहीं देना है पैसाः मुखिया

**कांके।** बोड़ेया के मुखिया सोमा उरांव,सह जिला अध्यक्ष मुखिया संघ रांची ने सभी लोगों से कहा कि जिन्हें सरकार की कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसेः अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, पेंशन योजना वगैरा, राशन डीलर, चापानल, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के हेतु यदि कोई रुपया पैसा मांग करते हैं, तो हमें तुरंत सूचित करें, वैसे लोगों को एसीबी की टीम से पकड़वाकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### बैंक की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया शाखा बचरा की लचर व्यवस्था से ग्राहको को इन दिनों काफी परेशानी हो रही है,इस संबंध मे युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन डकरा शाखा सचिव दिनेश कुमार भुईयां ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैंक मे ग्राहको का काम समय पर नही हो रहा है,जिसके कारण ग्राहक बैंक का चक्कर लगा रहे है,एक ही काम के लिए ग्राहकों को बार-बार बैंक का चक्कर लगाया जा रहा है,बैंक प्रबंधक ग्राहकों की सुविधा के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है,जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,पासबुक अपडेट सहित कामों के प्रति बैंक कर्मियों का रवैया काफी खराब है.

### थोलवा व भोला टाना भगत की जयंती मनी

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज से सटे निंद्रा कारीटाड स्थित नौ स्वतंत्रता सेनानियों के समाधि स्थल पर अखिल भारतीय नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत समुदाय द्वारा सोमवार को थोलवा टानाभगत की 128वीं व भोला टानाभगत 148 वीं की जयंती मनाई गई एवम् इन बीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गईं.इसके अलावा डुमारो पंचायत के अन्य सात टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों को भी माल्यार्पण कर याद और नमन किया गया. जयंती पर परिवार की महिलाओं ने नदी से नौ कलश में जल भरकर स्मारक स्थल तक लाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिमा देवी और विशिष्ट अतिथि डुमारो मुखिया सुनिता खलको उपस्थित रहे.

### पूर्व शिक्षा पदाधिकारी को दी गयी विदाई

**खलारी।** प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी मे पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद को लेकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया .इस अवसर पर पूर्व शिक्षा पदाधिकारी को सम्मानित किया गया और वर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेश चौधरी का स्वागत किया गया .इस कार्यक्रम मे शिक्षक गिरिधर मिश्रा ने दोनों प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया और उतरा सर ने बुके प्रदान किया . अवसर पर बी आर सी कर्मचारी राजेश वर्मा, सर्वरीनाथ चौरसिया, श्याम चौबे, जलेश्वर यादव, तारकेश्वर यादव, सीआरपी दीपक कुमार और गिरधर मिश्रा, उतरा कुमार,आदि लोग उपस्थित थे .

## कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 क्रिकेट मैच

# त्रिपुरा को पारी व 8 रन से हराकर झारखंड क्वार्टर फाइनल में

**संवाददाता।रांची**



कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 क्रिकेट मैच में झारखंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. बोकारो के सेक्टर 4 स्थित बीएसएल क्रिकेट स्टेडियम में मनीषी की घातक गेंदबाजी और राजन दीप सिंह व साहिल राज की अर्धशतकीय पारी की मदद से चार दिवसीय मैच के दूसरे ही दिन झारखंड की टीम ने त्रिपुरा की टीम को एक पारी एवं आठ रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा. झारखंड अपने ग्रुप में 32 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर रहा. झारखंड की टीम ने पहले दिन के स्कोर 174 /4 से आगे खेलना शुरू किया. त्रिपुरा के स्पिन गेंदबाज अमित अली एवं संदीप सरकार की धारदार गेंदबाजी के समक्ष झारखंड की टीम 321 रनों के कुल योग पर ऑल आउट हो गई. पहले दिन के 82 रनों पर नाबाद बल्लेबाज राजनजीत सिंह ने अपने व्यक्तिगत स्कोर में 8 रन और जोड़कर 90 के स्कोर पर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए. वहीं, 13 रनों पर नाबाद दूसरे बल्लेबाज साहिल राज ने अपना अर्धशतक पूरा करते हुए 81 रनों के व्यक्तिगत स्कोर बनाए. अन्य बल्लेबाजों में कुनैन कुरैशी ने 32 एवं शुभ शर्मा ने 17 रनों का योगदान किया. गेंदबाजी में त्रिपुरा की ओर से अमित अली ने 118 रन देकर 5 एवं संदीप सरकार ने 91 रन देकर चार विकेट चटकाए. पहली पारी के आधार पर झारखंड की टीम को 184 रनों की बढ़त मिली दूसरी पारी में त्रिपुरा के बल्लेबाजों ने ठोस शुरुआत की. त्रिपुरा के प्रारंभिक बल्लेबाज सचिन शर्मा एवं नाबारून चक्रवर्ती ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े. लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेटों का पतन होता रहा एवं पूरी टीम 49 ओवर में 176 रनों पर सिमट गई. बल्लेबाजी में त्रिपुरा की ओर से सचिन शर्मा ने 43 नाबारून चक्रवर्ती ने 37, तन्मय घोष ने 27, अमित अली ने 22, देवराज दे ने 17 एवं संदीप सरकार ने 12 रन बनाए. गेंदबाजी में झारखंड की ओर से मनीषी ने 46 रन देकर सात एवं ओम सिंह ने 60 रन लेकर दो विकेट लिए, जबकि कुनैन कुरैशी को एक सफलता मिली.

## घर छोड़ने को लाचार हो गए परिजन, गांव छूटने का है मलाल, जीना हुआ मुहाल

# हजारीबाग के एक परिवार को उग्रवादियों ने कर दिया तबाह

**प्रमोद उपाध्याय ।हजारीबाग**

उग्रवादियों की तबाही से आज कई घर सूने हो गए हैं. उस वक्त को आज भी कई लोग भुला नहीं पा रहे हैं. कई परिवार बेघर हो चुके हैं. कोई रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है, तो कई लोगों ने गांव को ही छोड़ कर शहर में आशियाना बना लिया है. अब वह गांव में भी जाने से कतराते हैं. कुछ अपनी प्रॉपर्टी की देखरेख के लिए गांव तो जाते हैं पर वह यादों में खो जाते हैं. उन्हें गांव छोड़ने का सदमा होता हैं. कहा कि उग्रवादी के मारे हुए परिवार आज भी अपने बिखरा हुआ परिवार को जुटा नहीं पा रहा हैं. बताते चले की एक वक्त था कि उग्रवादियों का ही बोलबाला गांव में खूब हुआ करता था और उग्रवादियों ने कई घरों को तबाह भी कर दिया. ऐसा ही मामला बड़का गांव के टूटे और बिखरे हुए परिवार का है. यह परिवार बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत के सदवई गांव का है. जिसमें परन पासी अपनी पांच बेटियों और इकलौते बेटे के साथ गांव में खेती बाड़ी कर खुशहाल थे.और वह समय रहते तीन बेटियों और बेटे की शादी भी कर दिए थे. लेकिन इस हंसते-खेलते परिवार की खुशी उग्रवादियों को हजम नहीं हुई. 30 जुलाई 2017 में उग्रवादियों ने परन पासी के इकलौते पुत्र की पुलिस का मुखबिर बता कर जन अदालत लगाकर हत्या कर दी.



मृतका चंपा देवी.



चंपा देवी का मृतक पुत्र.

**पिता ताड़ी उतार कर परिवार चलाने में जुटे हैं.बता दें कि बड़का गांव में कई ऐसी कंपनियां हैं, जो चाहें तो इस परिवार को गोद ले सकती हैं, लेकिन उग्रवादियों के सताए परिवार को कोई मदद करने को तैयार नहीं है. न ही उन्हें कोई रोजगार मिल रहा है. हालांकि उग्रवादियों के सताए हुए परिवार को सरकार की तरफ से भी नौकरी देने की प्रावधान है. लेकिन यह परिवार नौकरी को लेकर 7 सालों से ऑफिस दफ्तर नेता मंत्री का चक्कर काट रहे हैं. यही नहीं इनकी पीड़ा को शुभम संदेश ने भी कई बार उठाया. इसके चलते घर की बहू को नौकरी 2023 मिली. इसके बाद परिवार में थोड़ी सी खुशी झलकी और परम पासी की बेटी सरिता कुमारी मिठाई का डिब्बा लेकर शुभम संदेश कार्यालय भी आई.**



### पीड़ित परिवार की बेटी ने सुनाई आपबीती

पीड़ित परिवार की बेटी ने बताया कि पढ़ने की बहुत इच्छा थी. भाई ने तो इंटर पास कराया था और जैसे ही ग्रेजुएशन मैं नामांकन करने की सोच रही थी उसी वक्त उग्रवादियों



की हमारे परिवार पर नजर पड़ गई और फिर हत्या के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी. उसके बाद कुछ साल बीत गए. इसके बाद धीरे-धीरे परिवार पहले के जैसा होने लगा ही था कि और फिर से उग्रवादियों ने मां की हत्या कर दी. फिर से हमारा परिवार टूट गया. हम आज तक भटक रहे हैं. अब पिता ताड़ी बेच कर परिवार चला रहे हैं. हालांकि भाभी की नौकरी मिली है, तो परिवार चलाने में कुछ सहयोग तो हो रहा है पर भाभी के भी तीन बच्चे हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं. पैसा कम बच पा रहा है, अब हमारी शादी के लिए न पैसा है और न ही कोई रोजगार. इसके लिए पिता आज भी परेशान हैं. घर जाते हैं तो उग्रवादियों की धमकी आज भी मिलती है. ऐसे में घर जा नहीं पाते और ना पिता के कार्य में सहयोग कर पा रहे हैं. हमारी पढ़ाई तो नहीं हो पाई लेकिन अब छोटी बहन को पढ़ाने का मन बना लिए हैं. अभी वह पीजी कर रही है और वह रोजगार की तलाश में जुटी हुई है.

### भाजपा ने राहे में शुरू की गांव चलो अभियान

**राहे।** भाजपा राहे मंडल ने विभिन्न बूथों पर अभियान चलाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी. भाजपा राहे मंडल ने,अंबाझारिया पंचायत के बूथ संख्या 150, 151, 149 बसंतपुर पंचायत के बूथ संख्या 161, 164 और लोवाहातु पंचायत के बूथ संख्या 185, 187, 188, 189, 190, में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान चलाया. इसके तहत 9 साल में किए गये मोदी सरकार द्वारा सेवा , सुशासन और ग़रीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गयी. कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पिछड़ा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ राजाराम महतो ,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, सिल्ली विधानसभा के पूर्णकालिक विस्तारक मनीष मेहता, कृष्ण चरण महतो, नरोत्तम महतो,सीतानाथ महतो, मुकेश महतो, माधव महतो,आदि मौजूद थे.

### सदानों की एकजुटता को ऐतिहासिक बनाएं : धनंजय

**बेड़ो।** मूलवासी सदान मोर्चा झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में मंगलवार दिनांक 20 फरवरी को महादानी मैदान बेड़ो में विशेष तैयारी बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक के दौरान 27 फरवरी को आहूत मोरहाबादी मैदान से राज भवन तक आयोजित पैदल मार्च कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेड़ो में अंतिम बड़ी बैठक होगी. इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, आकाशवाणी की लोकप्रिय उदघोषिका शकुंतला मिश्रा,मुख्य रुप से क्षितिज कुमार राय सहित कई केंद्रीय नेता भाग लेंगे. इस संबंध में मूलवासी सदान मोर्चा के धनंजय राय और विश्वनाथ गोप ने कहा कि बेड़ो महादानी मैदान में आयोजित तैयारी व रणनीति बैठक में सभी मूलवासी बैठक में भाग लेकर अपने एवं अपने बच्चों के हितों की रक्षा के लिए सदानों की एकजुटता को ऐतिहासिक बनाएं.

# सुदेश महतो ने 'द विलेज रिसोर्ट' का किया उद्घाटन



**संवाददाता।सिल्लीमुरी**

इंडियन पेट्रोलियम के पीछे सुलुमजुडी में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने फीता काटकर ''द विलेज रिसोर्ट'' का उद्घाटन किया. उद्घाटन के पूर्व संध्या 6 बजे से सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों ने पुराने एवं नई फिल्मों के एक से बढ़कर एक गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया. कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रिसोर्ट के खुलने से आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हो सकेंगे. अब उनको किसी कार्यक्रम के लिए शहर की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी.अब ग्रामीण क्षेत्र भी शहर की तरह धीरे-धीरे विकसित हो रहा है. वही रिसोर्ट के संचालक मृत्युंजय महतो ने कहा कि यह रिसोर्ट सभी सुख सुविधाओं से लैस है तथा कम खर्चे में सारी सुविधाओं को बहाल करना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी. लोग छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं. इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, संजय सिद्धार्थ, बृजेश प्रसाद समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे.

## ओरमांझी में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**संवाददाता।ओरमांझी**

सोमवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु,ओरमांझी में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया . इस विज्ञान प्रदर्शनी में वर्षा सूचक यंत्र, जल शोधक यंत्र, सोलर लाइट सिस्टम सहित दर्जनों आकर्षक मॉडल का प्रदर्शन किया गया. जिसमें निर्णायक की भूमिका में उपस्थित बीपीओ रीना यादव, चकला विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, विषय विशेषज्ञ राजेश दास ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रथम स्थान राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिस्का, द्वितीय राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाड़ु, तथा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर को दिया गया. प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया गया. प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पिस्का उच्च विद्यालय जिले के लिए चयनित हुए. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बेहतरीन विज्ञान प्रदर्शनी के लिए भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों को काफी सराहना की. इस अवसर पर बीपीओ रीना यादव, मध्य विद्यालय डहु के प्रधानाध्यापक अवधेश प्रसाद, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, मध्य विद्यालय चकला के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, राजेश दास, संकुल साधन सेवी राजदीप कुमार, शिक्षक बृजेश कुमार मिश्र, उमेश चंद्र वर्मा सहित प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे.



**खास बातें**

- प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया
- आकर्षक मॉडल देखकर लोगों ने बच्चों को बधाई दी

## हर क्यूआरटी में 20-20 जवान | हेडक्वार्टर क्यूआरटी को सिटी व ग्रामीण एसपी करेंगे निर्देशित

# अपराधमुक्त धनबाद के लिए पांच प्रखंडों में बनी क्यूआरटी

**रिजवान शम्स।धनबाद**

धनबाद एसएसपी एचपी जर्नादन ने जिले को अपराधमुक्त करने और विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के तहत रविवार को 300 आरक्षियों को अलग-अलग जोन में बांटकर ड्यूटी के लिए तैनात कर दिया है.

एसएसपी ने बाघमारा, सिंदरी, निरसा, टुंडी, तोपचांची और मुख्यालय के लिए छह क्विक रिसपांस टीम बनाई है. क्यूआरटी में 100 जवानों को तैनात किया गया है. मुख्यालय की क्यूआरटी टीम में भी 35 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है. इन जवानों को संबंधित क्षेत्र में ही रहने को कहा गया है, क्योंकि किसी भी प्रकरण में त्वरित रूप से मौका-ए-वारदात पर पहुंचने और विधि व्यवस्था संभालने का निर्देश है. बताते चलें कि धनबाद जिला पिछले कुछ दिनों से अपराध के लिए खासा बदनाम हो चुका है. ऐसे में नए कप्तान धनबाद की पुलिसिंग को नए ढर्रे में ढालने का प्रयास कर रहे हैं. जिसके तहत अब जिले के पांच प्रखंडों में क्यूआरटी बनाई गई है. झरिया, तोपचांची, बाघमारा, सिंदरी, टुंडी के लिए बीस-बीस जवानों को लगाया गया है. इन सभी जवानों को संबंधित क्षेत्र के डीएसपी दिशा-निर्देश देंगे. खासकर विधि व्यवस्था के मामले में इनकी सक्रियता महत्वपूर्ण होगी.

**कायाकल्प**

- सीसीआर में 100 जवानों की तैनाती, गश्ती भी करेंगे जवान
- पिंक पेट्रोलिंग की फिर से शुरुआत, 20 महिला आरक्षियों की तैनाती



### पिंक पेट्रोलिंग के लिए खाका तैयार

बंद पड़े पिंक पेट्रोलिंग के लिए एसएसपी ने खाका तैयार किया है. पिंक पेट्रोलिंग के लिए बीस महिला आरक्षियों की तैनाती की गई है. इन्हें स्कूल, कॉलेज, पार्क से लेकर अस्पतालों तक दौड़ लगानी होगी. खासकर महिला कालेजों में तो नियमित तौर पर गश्ती करनी होगी. इसके अलावा यदि कहीं से छेड़खानी की शिकायत मिली तो फौरन वहां कूच करना होगा और शोहदों पर नकेल कसना होगा.

### क्राइम कंट्रोल रूम में 100 जवानों की तैनाती

क्राइम कंट्रोल रूम यानी सीसीआर में 100 जवानों की तैनाती की गई है. ये जवान शहर में किसी आपराधिक सूचना पर काम करेंगे. बीट पुलिसिंग में भी इनकी सक्रियता रहेगी. सीसीआर के कुछ जवान शहर में पैदल गश्ती का काम करेंगे. बाइक से भी गश्ती में इन लोगों को लगाया जाएगा. ऐसे में अब शहर में पुलिस पूरी तरह से दिखेगी. इनके अलावा शहर के तीन थानों में 60 टाइगर जवानों को भी तैनात किया गया है. जो पूर्व की तरह अपने कार्य को अंजाम देंगे.

### बीट पुलिस धनबाद में पैदल करेंगे गश्ती : एसएसपी

धनबाद के पांच प्रखंडों में क्यूआरटी बनाई गई है. इसके अलावा बीट पुलिसिंग और पिंक पेट्रोलिंग की फिर से शुरुआत की जा रही है. बीट पुलिसिंग के तहत



शहर में पैदल गश्ती करनी है. चौक-चौराहों पर भी जवानों की तैनाती रहेगी. जिले को अपराधमुक्त करने की दिशा में हर कदम उठाए जा रहे हैं, अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए और आमजन के लिए बिलकुल अलग सी पुलिस दिखने की कवायद की जा रही है., जो लगे कि ये पुलिस आम पब्लिक के लिए ही है.

## न्यूज अपडेट

### नकली विदेशी शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन



**कांके।** उत्पाद विभाग के टीम ने पिठौरिया थाना क्षेत्र के ओयना गांव में नकली विदेशी शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया है . छापेमारी में दो लोगों को गौतम कुमार और सौरभ कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इसके साथ इनोवा कार व दो मोबाइल भी बरामद किया है. उत्पाद की टीम ने अवैध शराब बनाने वाली मिली फैक्ट्री से 51 पेटी ब्लैक टाइगर 17झोला से लगभग 23पेटी रॉयल चैलेंजर्स, 1500पीस कैप झारखंड सरकार का होलोग्राम के 200 स्टीकर जप्त किया है. इसके अलावा वहां से नकली शराब बनने की खाली बोतलें, स्टीकर, ढक्कन शराब के ढक्कन पर लगाया जाता है उसे भी जब्त किया है. छापेमारी दल में उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर रजनीश कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रकाश मिश्रा, अभिषेक कुमार, निर्भय सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे.

### सतं माइकल स्कूल मुरी में प्लेग्रुप का उद्घाटन



**सिल्ली/मुरी।** संत माईकल स्कूल मुरी में प्री - नर्सरी क्लास के बच्चों के लिए प्ले ग्रुप (किंडरगार्टन) का उद्घाटन किया गया. इस मौके पर मुरी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के प्रबंधक श्री दिनेश कुमार भी उपस्थित थे. इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय के प्रागंण में स्वागत किया गया. इस कार्यक्रम का संचालन मनीषा सिंह ने किया. इस मौके पर विद्यालय के छात्राओं ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने शिक्षा जगत में इस नई सोच के लिए स्कूल के निर्देशक राकेश कुमार एवं प्रबंधक डॉ रूपेश कुमार को बधाई दी . मौके पर अभिभावक गण भी उपस्थित थे .

### हुंकार महारैली को ले कुड़मी विकास मंच ने की बैठक



**पिपरवार।** 25 फरवरी को आयोजित हुंकार महारैली को सफल बनाए जाने को लेकर पिपरवार किचटो में कुड़मी विकास मंच की बैठक हुई .बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो एवं संचालन मनीलाल महतो ने किया. बैठक में हुंकार महा रैली में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया गया. इस बैठक में मुख्य रूप से नागेश्वर महतो , चिंतामन महतो , देवनाथ महतो , तुलसीदास महतो , अंगद महतो, प्रितम महतो, पुरन महतो,विजय महतो,सिदेश्वर महतो , टिकेश्वर महतो, गुलाब चंद महतो, राजेश महतो , सहदेव महतो , सुरेन्द्र महतो , संतोष महतो , भुनेश्वर महतो , महेंद्र महतो , चेतलाल महतो , उप मुखिया ललिता देवी, पंसस भाग-1 सुनीता देवी पंसस भाग -2 ईन्ना कुमारी , पूर्व पंसस गीता देवी आदि अन्य उपस्थित थे .

### एसएसबी जवानों ने लगाया जागरूकता शिविर



**राहे।** एसएसबी 26 वीं बटालियन ने अंबाझारिया गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर लगाया.एसएसबी 26 वीं बटालियन के वाहिनी ए कंपनी सताकी कैम्प के द्वारा नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत किसानों को बीज वितरण किया गया था. उसके बारे में कैसे खेती करना है और जल को कैसे संरक्षण करना है . इसके बारे मैं विस्तार से बताया गया. स्कूल में जाकर बालिका शिक्षा पर जोर देकर उन्हें मुर्गी पालन, सिलाई प्रशिक्षण, मोटर ड्राइविंग जैसे स्वरोज़गार का कार्यक्रम से जोड़ने को कहा गया. शिविर में ए कम्पनी के कमांडर शशि कुमार, सहायक उपनिरीक्षक दीपक सिंह, हरदीप सिंह,स्कूल के शिक्षक ,बच्चे और जवान मौजूद थे.

### राय बाजार में दो मार्च को जलसा सह दस्तारबंदी



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के जामिया गोसिया रिजविया मदरसा राय के द्वारा दो मार्च को जमाले तैयब कॉन्फ्रेंस सह दस्तारबंदी (जलसा) का आयोजन कराया जा रहा है. जिसमें राय मदरसा के सात बच्चों को हाफिज ए कुरान की उपाधि दिलाई जाएगी. इस कार्यक्रम में देश एवं विदेश के भी कई उलेमा एवं मौलाना शामिल होंगे,जिसमें प्रमुख रूप से यूपी के बरेली शरीफ से पीर ऐ तरीकत हजरत उमर राजा खान और साउथ अफ्रीका के मशहूर नात खां शब्बीर बरकाती सहित कई उलेमा मौलाना और नात खां शामिल होंगे. जलसा कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शोएब उर्फ गोल्डेन ने बताया कि आयोजन स्थल पर करीब पांच हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है.

### पंकज जी महाराज ने शाकाहारी बनने का आह्वान किया



**तमाड़।** संत बाबा जयगुरूदेव महाराज के उत्तराधिकारी एवम् जय गुरुदेव धर्म के प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जी महाराज एक दिवसीय सत्संग प्रवचन देने तमाड़ के सारजमडीह गांव पहुंचा है. जहां मंगलवार को 12 बजे भक्तों के बीच अपने जीवनकाल में सामान्य रूप से प्रेम सद्भाव अपनाने शाकाहारी रहने नशा त्याग चरित्र उत्थान कार्य के साथ गृहस्थ में रहकर प्रभु को याद करने हेतु अपना प्रवचन देंगे. 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मध निषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा के साथ सारजमडीह गांव पहुंचा है.उक्त जानकारी जय गुरुदेव कैंप के प्रवक्ता संतराम चौधरी ने दिया.

### प्रतिमा को परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में लगाएं



**डकरा।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना अंतर्गत मोनेट डेनियल कोल वासरी कांटा घर के निकट स्थापित एक मजदूर की आदम कद प्रतिमा को परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में स्थानांतरण करने की मजदूरों ने मांग की है. इस संबंध में मजदूरों ने परियोजना के पीओ को एक सामूहिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया. मजदूरों का कहना है की उक्त प्रतिमा जिस जगह स्थापित किया गया है वहां 24 घंटे कोयले की धूल गर्द उड़ते रहता है. प्रतिमा में हमेशा गर्द की परत बैठ जाने से प्रतिमा का रंग रूप बदरंग होते जा है साथ ही मजदूर वर्ग का यह अनादर है. इसलिए इस प्रतिमा को सभी यूनियन के सहमति और सहयोग से स्थानांतरित कर केडीएच परियोजना पदाधिकारी कार्यालय की पार्क में स्थापित किया जाए.

### एसएसबी ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया




**तमाड़।** सशस्त्र सीमा 26 वीं वाहनी जी कंपनी तमाड़ के द्वारा सारजमडीह गांव में निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान कुल 40 ग्रामीणों का चिकित्सा कर निशुल्क दवाइयां दी गयी. इस अवसर पर मेडिकल कमांडेट ब्रजेश कुमार सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार शर्मा आदि शामिल था.

